दिनांक–05.08.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- सागर जिले में दीवार गिरने से 9 बच्चों की मौत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जताया दुःख।
- मुख्यमंत्री 8 अगस्त को बेंगलूरू में निवेषकों को आकर्षित करने के लिए कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा।
- प्रदेष में भारी बारिष से नदियां ऊफान पर, कई जगहों पर बांधो के गेट खुले, मार्ग अवरूद्ध।
- सावन मास के तीसरे सोमवार पर षिवालयों में सुबह से श्रद्धालुओं का आना जारी।

प्रधानमंत्री सागर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सागर जिले के शाहपुर में दीवार गिरने से 9 बच्चों की मौत की हृदय विदारक घटना पर संवेदनाएं व्यक्त की हैं। इस संबंध में पीएमओ इंडिया के ऑफिशल अकाउंट से पोस्ट किया गया है, जिसमें लिखा है कि "मध्य प्रदेश के सागर में दीवार गिरने से हुआ हादसा हृदयविदारक है। इसमें जान गंवाने वाले बच्चों के शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करे। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।" इसके अतिरिक्त पीएमएनआरएफ फंड से मृतक बच्चों के परिवार को दो लाख तथा घायल बच्चों के परिवार को 50 हजार रुपए की राशि सहायता राशि देने का भी उल्लेख है।

प्रदेश–खनिज

मध्यप्रदेश भारत के खनन और खनिज क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता को लगातार साबित कर रहा है, जिससे उल्लेखनीय उपलब्धियाँ और भविष्य की संभावनाएँ सामने आ रही हैं, जो महत्वपूर्ण औद्योगिक विकास और आर्थिक प्रगति को प्रोत्साहित करेंगी। इसी के मद्देनजर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दो दिवसीय प्रवास पर बेंगलुरू जाने वाले है। जहाँ वे 8 अगस्त को इंटरेक्टिव सेशन में प्रदेश में उपलब्ध खनिज संपदा पर उद्योगपतियों का ध्यान आकर्षित कर निवेश के लिये प्रोत्साहित करेंगे। उल्लेखनीय है कि मिनरल ऑप्शन के लिये मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर पहला पुरस्कार भी मिल चुका है। मध्यप्रदेश में जल्दी ही एल्युमिनियम, लेटराइट, बॉक्साइट, मेटल, डायमंड, गोल्ड, लाइमस्टोन मैंगनीज के 33 ब्लॉक की नीलामी होने जा रही है। इसी प्रकार 17 कोल ब्लॉक के ऑक्शन भी प्रक्रिया में है। प्रमुख खनिजों के 20 ब्लॉक ऑक्शन की प्रक्रिया में है।

संसद में आज

संसद के मानसून सत्र में आज दोनों सदन में कई महत्वपूर्ण कार्य सूचीबद्ध है। लोकसभा में आज स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की वर्ष 2024–25 की अनुदान मांगों पर आगे चर्चा होगी। गोवा राज्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जनजाति प्रतिनिधित्व पुनर्समायोजन विधेयक भी सदन में पेश किये जाने की संभावना है। वहीं राज्यसभा में तेल क्षेत्र विनियमन और विकास संशोधन विधेयक, 2024 पेश किया जाएगा। सदन में कृषि मंत्रालय के कार्यो पर चर्चा भी होगी।

धार–अच्छी खबर

धार जिले में छात्र– छात्राओं को व शासकीय विद्यालयों में और अधिक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से धार जिले में अनूठी पहल की गई है। जिला कलेक्टर द्वारा समस्त जिला अधिकारियों को एक–एक शासकीय विद्यालय को गोद लेने हेतु निर्देशित किया गया है। पेष है एक रिपोर्ट .....

मुख्यमंत्री–महिला सशक्तिकरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण का कार्य निरंतर जारी रहेगा। 10 अगस्त को लाड़ली बहनों के खातों में 1250 की राशि के अतिरिक्त 250 रुपए की राशि अंतरित की जाएगी। वहीं शुजालपुर अनुविभाग के ग्राम सेमलीचाचा का नाम अब सेमलीधाम होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल शाजापुर जिले के सेमलीचाचा स्थित हाटकेश्वर धाम में आयोजित रक्षाबंधन पर्व और भागवत कथा कार्यक्रम को संबोधित कर रहें थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का लाडली बहनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और राखी बांधकर उत्साहपूर्वक रक्षाबंधन का पर्व मनाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा निर्णय लिए गया हैं कि सभी त्यौहार समाज के साथ उत्साह और आनंद के साथ मनाएं जाएंगे। प्रदेश में मकर संक्रांति, गुड़ी पड़वा और गुरु पूर्णिमा का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाएं गए हैं। प्रदेश के सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। आगामी रक्षाबंधन के पावन पर्व को 1 अगस्त से 10 अगस्त तक विभिन्न मंत्री जिलों में जाकर लाड़ली बहनों से राखी बंधवाकर धूमधाम से मनाएंगे।

बारिष/मौसम

प्रदेश के अधिकांश जिलों में भारी बारिश का दौर जारी है। जिससे नर्मदा, बेतवा सहित सभी नदियां उफान पर है। मंडला सिवनी डिंडौरी में लगातार बारिश से बरगी बांध के 17 गेट कल खोल दिए गए। रायसेन में बारना बांध के 4 गेट खोले गए है। आगरमालवा जिले में हो रही अत्यधिक वर्षा को देखते हुए कलेक्टर द्वारा समस्त पुल–पुलिया एवं रपटो पर संबंधित विभागों को बेरिकेट तथा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये है। वही कुंडलिया डैम के दो गेट खोले गए हैं। रीवा में जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। कंट्रोल रूम के नंबर 07662–255143 पर किसी भी प्रकार की बाढ़ से संबंधित सूचना दी जा सकती है। बकिया बांध के 14 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है जिससे टमस नदी के जल स्तर में वृद्धि हो रही है। सतना में उचेहरा विकासखण्ड के नरहटी गांव में बाढ के पानी से टापू में 3 व्यक्तियों के फंसे होने की सूचना पर तत्काल एसडीआरएफ की लाइफ वोट भेजकर उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। निवाड़ी जिले में ओरछा में बेतवा और जामनी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। यहां माता टीला बांध से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। विदिशा अशोकनगर स्टेट हाईवे बंद हो गया है। इस बीच मौसम विभाग ने रायसेन, सीहोर, रतलाम, देवास, आगरमालवा, मंदसौर, नीमच, दमोह, सागर और कटनी जिलों के लिये अतिभारी बारिष का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 19 जिलों के लिए भारी बारिष का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

उज्जैन–श्री महाकालेश्वर सवारी

सावन मास के तीसरे सोमवार पर आज सुबह से षिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का आना जारी है। उज्जैन, ओंकारेष्वर में पारम्परिक रूप से आज सवारी निकाली जाएगी। उज्जैन में श्री महाकालेश्वर की श्रावण/भाद्रपद माह में निकलने वाली सवारी के क्रम में आज भगवान श्री महाकालेश्वर श्री चंद्रमौलेश्वर के रूप में पालकी में , हाथी पर श्री मनमहेश के रूप में व गरूड़ रथ पर श्री शिव–तांडव रूप में विराजित होकर अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकलेंगे। सवारी में 1500 डमरू वादक भस्म आरती की धुन पर डमरू वादन कर विश्व कीर्तिमान रचेंगे। भोपाल और उज्जैन के डमरु वादक के दल द्वारा महाकाल लोक के शक्तिपथ और सवारी में विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। खंडवा के ओंकारेष्वर में भगवान ओंकारेश्वर एवं भगवान ममलेश्वर की सवारी निकाली जा रही हैं। श्रावण माह में यह सवारी ओंकारेश्वर मंदिर से होकर कोटीतीर्थ घाट पहुंचेगी, जहां भगवान ओंकारेश्वर की रजत प्रतिमा का दुग्ध एवं पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। वही भगवान ममलेश्वर की रजत प्रतिमा को केलवराम घाट पर दुग्धाभिषेक एवं पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। आज सुबह से बड़ी संख्या में श्रध्दालु भगवान ओंकारेश्वर एवं भगवान ममलेश्वर के दर्शन कर पूजा अर्चना कर रहे हैं। वही कांवड़ियों और श्रध्दालुओं की संख्या के मद्देनजर कलेक्टर ने खंडवा इंदौर राजमार्ग को देशगांव से डाइवर्ट किया गया है। वहीं पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं।

क्रिकेट–भारत–श्रीलंका

श्रीलंका के साथ तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में कल भारत को हार का सामना करना पडा। कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गये मैच में मेजबान श्रीलंका ने भारत को 32 रन से हराया। 241 रन के लक्ष्य के जवाब में भारत की टीम 42 ओवर और दो गेंदों में 208 रन पर आउट हो गई। कप्तान रोहित शर्मा ने 44 गेंदों में 64 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाजों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा। श्रीलंका के जेफरी वांडरसे ने 6 विकेट लिये। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 240 रन बनाए थे। वॉशिंगटन सुन्दर ने तीन और कुलदीप यादव ने दो विकेट लिये। इस जीत के साथ ही श्रीलंका श्रृंखला में एक–शून्य से आगे हो गया है। पहला मैच टाई पर समाप्त हुआ था।

समाचार संक्षेप में .....

- पेरिस ओलिंपिक बैडमिंटन सिंगल्स में आज कांस्य पदक के लिए लक्ष्य सेन का मुकाबला मलेशिया के जी जिया ली से होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम 6 बजे से खेला जाएगा।
- राज्य सरकार ने इंदौर जिले को अनुसूचित जाति वर्ग की स्वरोजगार योजनाओं के लक्ष्य आवंटित कर दिए हैं। संत रविदास स्वरोजगार योजना में 199 हितग्राहियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके तहत 1 लाख से 50 लाख रुपये तक की ऋण राषि स्वरोजगार के लिए दी जाएगी।
- इंदौर जिले के महू की आर्मी मार्क्समैनषिप यूनिट की षूटिंग रेंज में राज्य स्तरीय निषानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं में अलग–अलग प्रदेशों के 1 हजार से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।
- पन्ना में अनुविभागीय अधिकारी ने अजयगढ़ तहसीलदार की रिपोर्ट पर लापरवाही बरतने वाले दो पटवारियों के विरूद्ध निलंबन एवं विभागीय जांच संस्थित करने की कार्यवाही की है।
- खण्डवा में पार्श्व गायक स्व. किशोर कुमार के जन्मदिन के अवसर पर खण्डवा का गौरव दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कल पुरानी मंडी परिसर से गौरव यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है।

....................................